## महत्वपूर्ण एवं खास

### राज्य में फिर सक्रिय हुई ईडी

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में फिर एक बार ईडी की टीम सक्रिय हो गई हैं। लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के साथ ही प्रदेश में ईडी की टीम आ धमकी हैं। मिली जानकारी के अनुसार, राइस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल के घर ईडी ने दबिश दी हैं। ईडी की टीम मनोज अग्रवाल के खम्हारडीह के बेनियान ट्री स्थित आवास पर पहुंची हैं। वही इस खबर के बाद कई और लोगों में हडक़ंप मचा हुआ हैं। सूत्र बताते हैं कि कई नेता और कारोबारियों के ठिकानों पर भी ईडी छापा मार सकती हैं।

### नक्सलियों ने युवक को मारी गोली

**कोंडागांव-रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव, बस्तर में नक्सलियों ने एक बार फिर कायराना वारदात को अंजाम दिया है, जानकारी के मुताबिक़ नक्सलियों ने यहां ग्रामीण युवक की गोली मारकर हत्या कर दी है। इस घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। जानकारी के मुताबिक पूरा मामला कोंडागांव जिले के धनोरा थाना इलाके के तिमरी गांव की बताई जा रही है, जहां देर रात शादी कार्यक्रम से घर लौट रहे ग्रामीण युवक दिनेश कुमार मंडावी का मुखबिरी के शक में उसके घर के पास नक्सलियों ने गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। इस वारदात के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है। वहीं मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा कल

**रायगढ़।** प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा का आयोजन 9 जून 2024 रविवार को प्रात: 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक परीक्षा केन्द्र सेंट टेरेसा कान्वेंट स्कूल बोईरदादर रायगढ़ में किया जाएगा। परीक्षा में कुल 354 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में परीक्षा के सफल संचालन हेतु डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी सहायक आयुक्त आदिवासी विकास रायगढ़ महेश शर्मा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही सहायक संचालक आदिवासी विकास रायगढ़ आकांक्षा पटेल को पर्यवेक्षक तथा प्राचार्य सेंट टेरेसा कान्वेंट स्कूल बोईरदादर रायगढ़ को केन्द्राध्यक्ष नियुक्त किया गया है। परीक्षा से संबंधित समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। उक्त परीक्षा हेतु विद्यार्थियों का प्रवेश पत्र ऑनलाईन अपलोड कर दिया गया है। परीक्षार्थी विभागीय वेबसाईट https://eklavya.cg.nic.in/PRSMS/Student-admission-Detail से जानकारी प्राप्त कर सकते है।

### शिक्षित एवं दक्ष बेरोजगारों के लिए 10 को लगेंगे जॉब फेयर

**रायपुर (आरएनएस)।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र रायपुर द्वारा स्थानीय शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करने के उद्?देश्य से दिनांक 10 जून 2024 को स्थान- रोजगार कार्यालय, पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर, रायपुर में 11.00 बजे से सायं 02:00 बजे तक जॉब फेयर आयोजित है। जिसके माध्यम से निजी क्षेत्र के माँ आशा आर्गेनिक फारमिंग फाउंडेशन एवं एलक्सर कन्सेल्टेंसी प्रा. लि. मि. द्वारा न्यूनतम 8वी से स्नातक उत्तीर्ण आवेदकों की भर्ती वेटर, टेलिकॉलर, हैल्पर, टेक्निशियन सोलर टेक्निशियन एवं डी. एम.एस / सेल्स एक्झीक्यूटी के 75 से अधिक पदों पर भर्ती की जावेगी। जिसके लिए न्यूनतम 10,000/- से 14,500/- तक वेतनमान निर्धारित है। अत: जाब फेयर में सम्मिलित होने योग्य एवं इच्छुक आवेदक निर्धारित तिथि एवं स्थल पर अपने बायोडाटा/आधार कार्ड एवं शैक्षणिक, तकनीकी योग्यता के प्रमाण पत्रो की छायाप्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। अधिक जानकारी के लिए आवेदक जिला रोजगार कार्यालय रायपुर में भी संपर्क कर सकते है।

# दो दिन बाद छत्तीसगढ़ में प्रवेश करेगा मानसून

**रायपुर । आरएनएस**



नौतपा में भीषण गर्मी का सामना करने वाले छत्तीसगढ़ को अंतत: थोड़ी राहत मिल गई है। प्रदेश में प्री मानसून गतिविधियां प्रारंभ हो गई हैं। सुकमा में 3 सेमी और अंबागढ़ चौकी में 2 सेमी वर्षा सहित प्रदेश के कई हिस्सों में बूंदाबांदी से लेकर हल्की बारिश दर्ज की गई है। इस बार मानसून तय वक्त से पहले ही केरल प्रवेश कर चुका है। इसके प्रभाव छग में भी देखने को मिलेगा। यहां भी तय समय से पहले ही मानसून प्रवेश होगा। वर्तमान में बन रही स्थिति के अनुसार मौसम विभाग का अनुमान है कि मानसून छग में 10 जून के आस-पास प्रवेश करेगा। इसके 3 दिनों पश्चात अर्थात 13 जून के करीब मानसून की दस्तक राजधानी में होगी।

गौरतलब है कि, छत्तीसगढ़ में मानसून आने की सामान्य तिथि 13 जून है। इसके तीन दिनों बाद 16 जून को रायपुर में दस्तक होती है तथा 21 जून को अंबिकापुर पहुंचने के साथ ही यह पूरे प्रदेश में छा जाता है। शुक्रवार को भी छत्तीसगढ़ में कुछ स्थानों पर गरज के साथ बारिश की संभावना है। एक-दो स्थानों पर गरज के साथ बिजली चमकने और तेज हवा चलने की आशंका भी मौसम विभाग द्वारा जताई गई है। अधिकतम तापमान में कोई खास बदलाव नहीं होगा।

### कहां तक पहुंचा है मानसून

दक्षिण-पश्चिम मानसून मध्य अरब सागर के कुछ और हिस्सों, कर्नाटक के अधिकतर हिस्सों, महाराष्ट्र, तेलंगाना और तटीय आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों, पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी के अधिकतर हिस्सों और उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के कुछ और हिस्सों में आगे बढ़ गया है। मानसून की उत्तरी सीमा रत्नागिरी, सोलापुर, मेडक, भद्राचलम, विजयनगरम और इस्लामपुर से होकर गुजरना रही है। अगले 3-4 दिनों के दौरान मध्य अरब सागर के कुछ हिस्सों, कर्नाटक और तटीय आंध्रप्रदेश के शेष हिस्सों, महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों, तेलंगाना, दक्षिण छत्तीसगढ़ और दक्षिण ओडिशा के कुछ हिस्सों, पश्चिम मध्य के शेष हिस्सों और उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के कुछ और हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढऩे के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं।

### एक दो दिन छाए रहेंगे बादल

राजधानी सहित प्रदेश के कई हिस्सों में आसमान आंशिक मेघमय रहेगा। गरज- चमक के साथ हल्की वर्षा भी संभावित है। गुरुवार को सर्वाधिक तापमान 426 डिग्री दुर्ग में दर्ज हुआ। सबसे – कम न्यूनतम तापमान 23.2 डिग्री नारायणपुर में दर्ज किया गया। रायपुर का अधिकतम तापमान सामान्य से 1.6 डिग्री अधिक 42.3 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 11 डिग्री अधिक 29.3 डिग्री दर्ज किया गया।

# सातवें वेतन को लेकर आया बड़ा अपडेट, छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों को मिलेगी बड़ी सौगात



**रायपुर । आरएनएस**

निगम ,मंडल, आयोग अर्धशासकीय एवं अनुदान प्राप्त संस्थाओं के कर्मचारियों के लिए एक अच्छी खबर निकलकर सामने आई है। वित्त विभाग ने सभी कर्मचारियों के सातवें वेतनमान की अंतिम किश्त के भुगतान की स्वीकृत दे दी है।

राज्य शासन के वित्त विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने राज्य के शासकीय सेवकों के अनुरूप निगम, मंडल, आयोग, अर्धशासकीय एवं अनुदान प्राप्त संस्थाओं के कर्मचारियों को माह फरवरी 2018 से जून 2018 तक की अवधि के एरियर राशि के भुगतान किए जाने की स्वीकृति दे दी है।

आपको बता दें कि इससे पहले श्रम विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा विभिन्न अनुसूचित नियोजनों में कार्यरत श्रमिकों के लिए 01 अप्रैल 2024 से परिवर्तनशील महंगाई भत्ता निर्धारित की गई है। लेबर ब्यूरों शिमला से प्राप्त औद्योगिक सूचकांक में जुलाई 2023 से दिसम्बर 2023 के मध्य 14 बिन्दु की औसत वृद्धि हुई। जिसके अनुसार प्रति बिन्दु 20 रूपए के मान से 45 अनुसूचित नियोजनों में कार्यरत श्रमिकों के परिवर्तनशील महंगाई भत्ता में प्रतिमाह 280 रूपए की वृद्धि की गई।

# गिरफ्तारी : युवती से दुष्कर्म के आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर

**रायगढ़**

13 मई को थाना कोतवाली में स्थानीय युवती द्वारा जिला जांजगीर-चांपा में रहने वाले मनोज कुमार साहू (28 साल) हाल मुकाम बंशीवट कॉलोनी चक्रधरनगर रायगढ़ के विरुद्ध शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म करने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया जिस पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 272/2024 धारा 376(2)(ढ़), 294, 506 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। युवती बताई कि वर्ष 2020 में मनोज कुमार साहू उसके घर के पास किराए मकान में रहता था जिसे जान पहचान हुई। मनोज उस समय सिंघल इंटरप्राइजेज कंपनी रायगढ़ में प्राइवेट नौकरी करता था जिसका इसके घर आना जाना था। मनोज पसंद करता हूं विवाह करूंगा कहकर शादी का भरोसा दिलाया और अक्टूबर 2022 में शारीरिक संबंध स्थापित किया उसके बाद अपने किराए मकान और अन्य कई जगह शादी का झूठा प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध स्थापित किया।

मनोज को शादी के लिए कहने पर धीरे-धीरे बात करना बंद कर दिया और होली के समय (मार्च 2024) में अपने घर जांजगीर चला गया। उसके घर जांजगीर जाने पर उसके परिवारवाले गाली गलौज कर झगड़ा विवाद कर भगा दिए।

मनोज भी शादी करने से इनकार कर मोबाइल नंबर को ब्लैक लिस्ट में डाल दिया और कहीं रिपोर्ट करने पर अंजाम भुगतने की धमकी दिया। युवती द्वारा थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराने पर आरोपी युवक फरार हो गया जिसे कल मुखबीर सूचना पर थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सुखनंदन पटेल के हमराह स्टाफ द्वारा चक्रधरनगर क्षेत्र में एण्ड सिनर्जी कंपनी के बाहर धर दबोचा गया। आरोपी मनोज कुमार साहू पिता संतोष कुमार साहू उम्र 28 साल निवासी ग्राम गायत्री मंदिर के पीछे देवांगन मोहल्ला बिरगहनी चौंक थाना जांजगीर जिला जांजगीर-चांपा हाल मुकाम बंशीवट कॉलोनी चक्रधरनगर रायगढ़ को आज दुष्कर्म के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# तीन दिवसीय बालवाड़ी प्रशिक्षण संचालित : शिक्षकों व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया जा रहा प्रशिक्षण

**रायगढ़**



जिला समग्र शिक्षा रायगढ़ के मार्गदर्शन में विकासखंड रायगढ़ में 125 बालवाड़ी केंद्र के शिक्षक तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण विकासखंड के विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों में संचालित किया जा रहा है। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य 3 वर्ष से लेकर 6 वर्ष तक बच्चों को खेल के माध्यम से पठन पाठन व बिना दबाव के शिक्षा देना तथा बालवाड़ी के बच्चों को दो अक्षरों के शब्द बनाना तथा 1 से 9 तक सीधी गिनती व उल्टी गिनती सीखाना है। अपने दैनिक जीवन में आने वाली समस्याओं को स्वयं समाधान करने की तथा बच्चों को कैसे स्वस्थ रखा जाए और स्वस्थ मस्तिष्क में कैसे अच्छा विकास होगा इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में बालबाडी केंद्रों में अध्यनरत बच्चों को स्कूल जाने से पूर्व किस प्रकार से तैयार किया जाए तथा उन्हें स्कूल जाने के लिए तैयार करने के उद्देश्य से यह प्रशिक्षण शाला प्रारंभ होने के पूर्व दिया जा रहा है।

प्रशिक्षण में राज्य स्तर से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स, विभिन्न केन्द्रों से आए शिक्षक तथा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान बच्चों को गीत, कहानी, अभिनय तथा विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से अध्यापन सीखने के तरीके बतलाये जा रहे हैं। प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस विकासखंड स्त्रोत केंद्र मनोज अग्रवाल ने विभिन्न प्रशिक्षण केन्द्रों में जाकर प्रशिक्षण संचालन का जायजा लिया तथा प्रशिक्षण के उद्देश्य तथा भविष्य में नई शिक्षा नीति के तहत किए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा से प्रशिक्षणार्थियों को अवगत कराया। संकुल समन्वयक राजकमल पटेल के द्वारा भी उपस्थित प्रशिक्षार्थियों को संबोधित कर प्रशिक्षण का पूरा लाभ लेने तथा केंद्र में जाकर प्राप्त प्रशिक्षण अनुसार गतिविधि आधारित शिक्षण करने का आह्वान किया। प्रशिक्षण संचालन में संकुल समन्वयक विनोद कुमार सिंह, मनोज कुमार गुप्ता, चेतन कुमार चौधरी, जानेश्वर खरे, विकास पटेल, खगेश्वर साहू, सुशील कुमार चौहान तथा मास्टर ट्रेनर सुशीला साहू, शकुंतला सहश, सजीत पंडा, लता महंत, शिव कुमारी कंवर, नित्यानंद डनसेना, जानकी पटेल, वीरेंद्र चौहान आदि मास्टर ट्रेनर के द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

# जुआ रेड : माड नदी डेम किनारे जुआ खेल रहे 13 जुआरियों को खरसिया पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा, फड और जुआरियों से 47,550 रुपए जब्त

**रायगढ़**



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर कल शाम एसडीओपी खरसिया प्रभात पटेल के नेतृत्व में चौकी खरसिया और चौकी जोबी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा आडपथरा माड नदी किनारे कुछ जुआरियों द्वारा 52 पत्ती तास से जुआ खेलने की मुखबीर सूचना पर घेराबंदी कर रेड किया गया। जुआ के दो फड पर पुलिस टीम ने 13 जुआरियान- (1) मोह. अनशार पिता मोह. मुख्तार उम्र 52 वर्ष साकिन तुरकापारा थाना सिटी कोतवाली जिला रायगढ़ (2) बृजलाल वर्मा पिता स्व. देवनारायण वर्मा उम्र 57 वर्ष साकिन कंकुबाई धरमशाला के पीछे हमालपारा चौकी खरसिया (3) अमीत कुमार चौहान पिता दिलेश्वर चौहान उम्र 42 वर्ष साकिन बसमुडा थाना खरसिया (4) पप्पु राजपुत पिता शौकी राजपुत उम्र 29 वर्ष साकिन अटलआवास खरसिया चौकी खरसिया (5) ओमकार उर्फ विक्की सिदार पिता राम सिदार उम्र 24 वर्ष साकिन अटल आवास खरसिया (6) मिनकेतन साहु पिता मंगलू उम्र 26 वर्ष साकिन कशीचुँवा थाना भुपदेवपुर जिला रायगढ (7) केशव जायसवाल पिता महेत्तर जायसवाल उम्र 48 वर्ष साकिन खोखरोआमा थाना घरघोडा (8) छोटे लाल डनसेना पिता अक्तीराम उम्र 36 वर्ष साकिन जवलपुर थाना भुपदेवपुर (9) गेंदलाल डनसेना पिता बेदराम उम्र 32 वर्ष साकिन जवलपुर थाना भुपदेवपुर (10) भानु डनसेना पिता दिलचंद उम्र 31 वर्ष साकिन जवलपुर थाना भुपदेवपुर (11) नेतराम राठिया पिता चैतराम उम्र 34 वर्ष साकिन झिंटीपाली थाना भुपदेवपुर जिला रायगढ (12) रामेश्वर पटेल पिता अशोक पटेल उम्र 33 वर्ष ग्राम नवागव थाना खरसिया (13) देवनाथ उर्फ मंगलु डनसेना पिता पुनीराम उम्र 45 वर्ष साकिन बडे डुमरपाली थाना खरसिया को पकड़ा गया। जुआरियों के फड और पास से कुल 47,550 रूपये, पत्ती तास की गड्डी, प्लास्टिक का बोरी जप्त किया गया है। आरोपियों के कृत्य पर चौकी खरसिया (थाना खरसिया) में क्रमश: अप.क्र. 367, 368/2024 धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 के तहत कार्रवाई किया गया है। एसडीओपी खरसिया प्रभात पटेल के नेतृत्व में जुआ रेड कार्रवाई में चौकी प्रभारी खरसिया उप निरीक्षक संजय नाग, चौकी प्रभारी जोबी आशिक रात्रे, प्रधान आरक्षक अशोक देवांगन, शंकर सिंह क्षत्री, दशरथ सिदार, आरक्षक किर्ती सिदार, सोहनलाल यादव, साविल चन्द्रा, डमरूधर पटेल, सोमनाथ पटेल, मुकेश यादव, राजेन्द्र राठिया, उमेन्द्र उरांव शामिल थे।

# कोतवाली और साइबर सेल की टीम ने रेड में सट्टा पट्टी लिखने वाले दो व्यक्तियों को पकड़ा

- आरोपियों से 47,400 रुपए नगद और सट्टा पट्टी जब्त
- थाना कोतवाली में आरोपियों पर जुआ प्रतिषेध अधिनियम की कार्यवाही

**रायगढ़**

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर जिले में समाजिक अपराधों पर अंकुश लगाने अवैध शराब, जुआ-सट्टा की सूचनाओं पर पुलिस लगातार कार्यवाही कर रही है। इसी कड़ी में कल रात्रि नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला के नेतृत्व में थाना कोतवाली और साइबर सेल की टीम द्वारा मुखबीर सूचना पर रेलवे स्टेशन एवं ढिमरापुर रोड पर सट्टा पट्टी लिख रहे दो आरोपियों को पकड़ा गया है। पुलिस टीम ने रात्रि करीब 10:30 बजे ढिमरापुर जिंदल रोड पर आरोपी अजहर मोहम्मद पिता हुसैन मोहम्मद उमर 26 साल निवासी इंदिरा नगर गंगा तालाब के पास रायगढ़ थाना कोतवाली को पकड़ा गया, जिसके पास से नगदी रकम रु.45,600 तथा एक डॉट पेन और सट्टा पट्टी जप्त किया गया है। सट्टा पट्टी में करीब 52,550 रूपए का उल्लेख है। वहीं गस्त दौरान (00:30 बजे) रेलवे स्टेशन चौक के पास आरोपी कबीर खान पिता शेख रहीम उम्र 52 साल निवासी चांदमारी भवानी शंकर स्कूल के सामने थाना कोतवाली रायगढ़ को सट्टा पट्टी लिखते पकड़ा गया। आरोपी कबीर खान से नगदी रकम रु.1,800 व एक पेन और सट्टा पट्टी जिसमें 4,310 रूपए का हिसाब लिखा है। आरोपियों पर थाना कोतवाली में क्रमश: अप.क्र. 341, 342/2024 धारा 6 छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 के तहत कार्यवाही किया गया है। थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सुखनंदन पटेल, एएसआई गौतम ठाकुर, प्रधान आरक्षक श्रीराम साहू, जगन्नाथ साहू तथा साइबर सेल स्टाफ शामिल थे।

गिरफ्तार आरोपी- (1) अजहर मोहम्मद पिता हुसैन मोहम्मद उमर 26 साल (2) कबीर खान पिता शेख रहीम उम्र 52 साल

**कुल जप्ती-** कुल रु.47,400 नगद, 02 पेन और सट्टा-पट्टी (56,860 रूपये का हिसाब लिखा हुआ)।

# तेज रफ्तार भूसा भरे ट्रक ने कोचिंग से लौट रही छात्रा को रौंदा

**दुर्ग । आरएनएस**

दुर्ग जिले में शनिवार को अंजोरा (ख ) में चंगोरी मार्ग में सुबह-सुबह कोचिंग से लौट रही छात्रा को तेज रफ्तार ट्रक ने अपने चपेट में ले लिया। बताया जा रहा है कि हादसा सुबह 7:30 के आसपास की घटना है। प्राप्त जानकारी अनुसार छात्रा का नाम तोजश्वी पारकर,पिता भोजेंद्र पारकर,चंगोरी निवासी है जो नवी कक्षा की छात्रा थी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक क्रमांक छ्त्र 0र्4 छ् 3391 बेहद ही तेज रफ्तार में थी जिसमे भूसा भरा हुआ था। कोचिंग से लौट रही छात्राओं का एक समूह आगे हो गया और तोजस्वी पीछे रह गई थी। तेज रफ्तार ट्रक ने साइकिल सवार छात्रा की जान ले ली। मौके से ड्राइवर फरार हो गया। जनता का भारी हुजूम लग गया था, पास में ही पुलिस चौकी होने पर भी घटना की जानकारी के बाद भी 112 समय पर नहीं पहुंच सका।

**-विधायक ललित चंद्राकर पहुंचे, फिर भी बिगड़ा मामला..** चंगोरी के ग्रामीण पीड़ित परिवार के संग घटनास्थल पर न्याय की मांग पर अड़ गए, पुलिस प्रशासन और राजस्व विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे । विधायक ने सरकारी मुआवजा का आश्वासन दिया लेकिन पीड़ित पक्ष ट्रक मालिक से मुआवजा की मांग कर रहे थे। विधायक ललित चंद्राकर ने पुलिस अधिकारियों को स्टॉपर जिग जैग ऑर्डर में लगाने की बात कही है और उसे 8 से 10 दिनों में पूरा करने कहा है। विधायक के वापस लौटने के बाद मामला फिर उल्टा हो गया और अनियंत्रित भीड़ दुर्ग राजनांदगांव मार्ग पर चक्का जाम के लिए बैठ गई और लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति निर्मित हो गई। इस दौरान पुलिस प्रशासन को भारी मशक्कत का सामना करना पड़ा।

**-पुलिस चौकी में बवाल, हुआ समझौता-** ग्रामीणों का आरोप था कि चक्का जाम से उठाकर समझौता के लिए ले जाया गया लेकिन चौकी में कोई नहीं था। ट्रक ड्राइवर मालिक सब फरार थे जबकि पुलिस यही बोलकर ले गई कि समझौता होना है। जिससे चौकी में हंगामा हुआ। कांग्रेस नेता जयंत देशमुख ने मध्यस्थता करते हुए पीड़ित पक्ष को तत्काल ? 50 हजार देने की मांग की जिसे पूरा किया गया। वहीं आगे एक दो दिन में जनपद सदस्य हरेंद्र देव, पूर्व सरपंच हिंछाराम पारकर, माखन साहू सहित क्षेत्रीय प्रतिनिधि को मामले पर ट्रक मालिक से समझौते के लिए पीड़ित पक्ष की ओर से पहल के लिए कहा गया है।

# मुख्यमंत्री ने स्वेच्छानुदान से मंजूर की 51 लोगों को डेढ़ करोड़ रूपए से ज्यादा सहायता राशि

- ग्राम बाहपानी सडक़ दुर्घटना तथा ग्राम पिरदा में बारूद फैक्ट्री ब्लास्ट में मृतकों एवं घायलों को स्वेच्छानुदान से मंजूर की गई राशि
- 28 मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रूपए तथा 23 घायलों को 50-50 हजार रूपए की सहायता राशि

**रायपुर । आरएनएस**



राज्य के संवेदनशील मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने संवेदनशीलता के साथ कबीरधाम जिले के विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम बाहपानी में 20 मई को हुई दु:खद सडक़ दुर्घटना एवं बेमेतरा जिले की भिंभौरी तहसील के ग्राम पिरदा में 25 मई को स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड बारूद फैक्ट्री में हुए ब्लास्ट में मृतकों के परिजनों तथा घायलों सहित 51 अनुदानग्रहिताओं को अपने स्वेच्छानुदान मद से कुल 01 करोड़ 51 लाख 50 हजार रूपए की राशि स्वीकृत की है। मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रूपए तथा घायलों को 50-50 हजार रूपए के मान से सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

कबीरधाम जिले के ग्राम बाहपानी की सडक़ दुर्घटना में 19 मृतकों के परिजनों को 5 लाख रूपए के मान से 95 लाख रूपए तथा इस घटना में 16 घायलों को 50-50 हजार रूपए के मान से कुल 8 लाख रूपए की राशि मुख्यमंत्री साय द्वारा स्वेच्छानुदान मद से मंजूर की गई है।

इसी प्रकार बेमेतरा जिले के ग्राम पिरदा की स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड बारूद फैक्ट्री में 25 मई को हुए ब्लास्ट में एक मृतक एवं 8 लापता व्यक्तियों के परिजनों को 5 लाख रूपए के मान से कुल 45 लाख रूपए की आर्थिक सहायता तथा इसी घटना में 7 घायलों को 50 हजार रूपए के मान से कुल 3 लाख 50 हजार रूपए की सहायता राशि की मंजूरी मुख्यमंत्री ने दी है।

मुख्यमंत्री ने कबीरधाम जिले के ग्राम बाहपानी की सडक़ दुर्घटना में मृतक प्यारी बाई, कुमारी सोनम बाई धुर्वे, धनैया बाई धुर्वे, सिरदारी राम धुर्वे, कुमारी किरण, शांति बाई, तिको बाई, मीला बाई, जनिया बाई, मुंगिया बाई, झंगलो बाई धुर्वे, सियाबाई, पैंटोरिन बाई मेरावी, बिस्मत बाई मेरवी, लीला बाई, परसदिया देवी, भारती बाई, कुनती बाई, धानबाई धुर्वे के परिजन को 5-5 लाख रूपए की राशि तथा 16 घायलों ममता, मुन्नी बाई, गुलाब सिंह, दयाराम, शिवनाथ, महावीर, कार्तिक, धन्नू, इन्द्राणी, जोधीराम, अनिल, फूलचंद, मानसिंह, श्रीराम, रम्हउ, बजरू को 50-50 हजार रूपए की सहायता राशि मंजूर की है।

इसी तरह ग्राम पिरदा की स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड बारूद फैक्ट्री में ब्लास्ट में मृतक सेवक राम और 8 लापता व्यक्तियों पुष्पराज देवदास, विजय देवदास, राजू धुरव, नीरज धुरव, लोकनाथ यादव, शंकर यादव, नरहर यादव, भीष्म साहू के परिजन को 5-5 लाख रूपए की राशि तथा 7 घायलों इन्द्रकुमार रघुवंशी, दिलीप धुरव, नीरज यादव, चंदन कुमार, मनोहर यादव, रवि कुर्रे, शेषनाथ निषाद को 50-50 हजार रूपए की सहायता राशि मुख्यमंत्री साय द्वारा मंजूर की गई है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480